

Chapter
21
फलन, सीमा, सांतत्य तथा अवकलनीयता

फलन

यदि A व B दो अरिक्त समुच्चय हो तथा समुच्चय A का प्रत्येक अवयव समुच्चय B के अद्वितीय अवयव से सम्बन्धित हो, तो फलन f, समुच्चय A से समुच्चय B में कहलाता है तथा इसे $f : A \to B$ से प्रदर्शित करते हैं।

महत्वपूर्ण परिभाषायें (Some important definitions)

(1) **वास्तविक संख्यायें :** वे संख्यायें, जो या तो परिमेय हैं या अपरिमेय, वास्तविक संख्याएँ कहलाती हैं। वास्तविक संख्याओं का वर्ग सदैव अऋणात्मक (Non-negative) होता है। वास्तविक संख्याओं के समुच्चय को R से प्रदर्शित करते हैं।

(2) **सम्बन्धित राशियाँ** (Related quantities) **:** जब दो राशियाँ इस प्रकार हो कि एक राशि में परिवर्तन करने पर दूसरी राशि में परिवर्तन हो जाता है अर्थात् यदि एक राशि का मान दूसरे पर निर्भर करता हो, तब वे राशियाँ सम्बन्धित राशियाँ कहलाती है।

(3) **चर** (variable) **:** एक ऐसी राशि जो किसी समस्या की गणितीय संक्रियाओं में भिन्न भिन्न संख्यात्मक मानों को ग्रहण कर सकें अर्थात् जिस राशि को प्रत्येक संख्यात्मक मान दिया जा सके, चर राशि या चर कहलाती है।

(i) **स्वतन्त्र चर** : एक ऐसा चर जो किसी भी स्वेच्छ मान को ग्रहण कर सके, स्वतन्त्र चर कहलाता है।

(ii) **परतन्त्र चर** : एक ऐसा चर जिसका मान स्वतन्त्र चर पर निर्भर करता है, परतन्त्र चर कहलाता है।

(4) **अचर** (Constant) **:** एक ऐसी राशि जिसका मान सभी गणितीय संक्रियाओं में अपरिवर्तित रहे, अचर राशि या अचर कहलाती है। ये सामान्यतः a, b, c इत्यादि से प्रदर्शित किये जाते हैं। अचर दो प्रकार के होते हैं।

(5) **निरपेक्ष मान** (Absolute value) **:** किसी संख्या x का निरपेक्ष मान $|x|$ वह संख्या है, जो निम्न प्रतिबन्धों को सन्तुष्ट करता है। $|x| = \begin{cases} -x, & \text{यदि } x < 0 \\ 0, & \text{यदि } x = 0 \\ x, & \text{यदि } x > 0 \end{cases}$. $|x|$ को निम्न प्रकार भी परिभाषित किया जा सकता है : $|x|$ = अधिकतम $\{x, -x\}$ या $|x| = \sqrt{x^2}$

(6) **भिन्नात्मक भाग :** हम जानते है कि $x \ge [x]$. संख्या 'x' तथा उसके महत्तम पूर्णांक मान '$[x]$' के अन्तर को भिन्नात्मक भाग कहते हैं तथा इसे $\{x\}$ से प्रदर्शित करते है। अर्थात् $\{x\} = x - [x]$

***उदाहरणार्थ*:** यदि $x = 4.92$ तब $[x] = 4$ तथा $\{x\} = 0.92$.

किसी भी संख्या का भिन्नात्मक भाग सदैव अऋणात्मक तथा 1 से कम होता है।

अन्तराल (Intervals)

अन्तराल चार प्रकार के होते हैं :

(1) **विवृत अन्तराल** (Open interval) **:** माना a व b दो वास्तविक संख्यायें इस प्रकार हैं कि $a < b$, तो संख्याओं a व b के मध्य सभी वास्तविक संख्याओं के मानों के समुच्चय (a, b) या $]a, b[$ से प्रदर्शित करते हैं तथा इसे a व b के मध्य खुला अन्तराल कहते है।



अतः $]a, b[$ या $(a, b) = \{x \in R : a < x < b\}$

(2) **संवृत अन्तराल** (Closed interval) **:** माना a व b दो वास्तविक संख्यायें इस प्रकार है कि $a < b$ तथा एक चर x का मान a व b के मध्य हो तथा इसका मान a व b के बराबर भी हो सकता है तो a व b सहित, a व b के मध्य x के सभी वास्तविक मानों के समुच्चय को x का बन्द अन्तराल कहते है तथा इसे $[a, b]$ से प्रदर्शित करते हैं। अतः, $[a, b] = \{x \in R : a \le x \le b\}$



(3) **खुला बन्द अन्तराल** (Open-Closed interval) **:** इसे $]a, b]$ या $(a, b]$ से प्रदर्शित करते हैं। अतः $]a, b]$ या $(a, b] = \{x \in R : a < x \le b\}$



(4) **बन्द खुला अन्तराल** (Closed-Open interval) **:** इसे $[a, b[$ या



[*a*, *b*)से प्रदर्शित करते हैं। अतः [*a*, *b*[या [*a*, *b*) = $\{x \in R : a \le x < b\}$

फलन की परिभाषा (Definition of function)

(1) फलन को प्रतिचित्रण (Mapping) की आधारभूत संकल्पना से सरलता से परिभाषित किया जा सकता है। माना X व Y दो अरिक्त समुच्चय हैं। "समुच्चय X से समुच्चय Y में फलन 'f' एक ऐसा नियम है जिसके द्वारा समुच्चय X का प्रत्येक अवयव समुच्चय Y के अद्वितीय (केवल एक और केवल एक) अवयव से सम्बन्धित हो। गणितीय रूप में फलन 'f' को $f: X \to Y$ से प्रदर्शित करते है जबकि $y = f(x), x \in X$ तथा $y \in Y$. हम कह सकते हैं कि y, x का प्रतिबिम्ब है (या x, y का पूर्व प्रतिबिम्ब है)।

फलन को परिभाषित करते समय निम्न दो तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए।

(i) एक प्रतिचित्रण $f: X \to Y$ एक फलन कहलाता है यदि समुच्चय X के प्रत्येक अवयव का समुच्चय Y में प्रतिबिम्ब हो। यह सम्भव है कि समुच्चय Y में कुछ अवयव रिक्त हो जो कि समुच्चय X के किसी अवयव का प्रतिबिम्ब न हो।

(ii) समुच्चय X के प्रत्येक अवयव का एक और केवल एक प्रतिबिम्ब होना चाहिए। इसका अर्थ है कि यह असम्भव है कि समुच्चय X के एक विशेष अवयव के एक से अधिक प्रतिबिम्ब हो। फलन बहुमानी नहीं हो सकते हैं (एक प्रतिचित्रण जो कि बहुमानी है, समुच्चय X से समुच्चय Y में एक सम्बन्ध है) उदाहरण के लिए



(फलन है)



(फलन है)



(फलन नहीं है)



(फलन नहीं है)

(2) **ऊर्ध्वाधर रेखा परीक्षण द्वारा फलन का परीक्षण :** एक सम्बन्ध $f: A \to B$ एक फलन है या नहीं, इसका परीक्षण सम्बन्ध के ग्राफ द्वारा कर सकते है। यदि एक उर्ध्वाधर रेखा जो वक्र को एक से अधिक बिन्दुओं पर काटती है तब दिया गया सम्बन्ध फलन नही है तथा जब यह उर्ध्वाधर रेखा (Y-अक्ष के समान्तर) वक्र को केवल एक बिन्दु पर काटती है तब दिया गया सम्बन्ध फलन है। ग्राफ (iii) व (iv) एक फलन प्रदर्शित करते हैं।



(i)



(ii)



(iii)



(iv)

(3) **फलनों की संख्या :** माना X व Y दो परिमित समुच्चय जिनमें क्रमशः m व n अवयव हैं। तब समुच्चय X का प्रत्येक अवयव समुच्चय Y के n अवयवों में से किसी एक अवयव से सम्बन्धित हो सकता है। अतः, समुच्चय X से समुच्चय Y में कुल फलनों की संख्या n^m होगी।

(4) **फलन का मान :** यदि $y = f(x)$ एक फलन है तो x के किसी भी मान (माना $x = a$) के लिए फलन का मान सम्बन्ध $y = x^2$ में x का मान प्रत्यक्ष प्रतिस्थापित कर ज्ञात कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए, यदि $f(x) = x^2 + 1$, तब $f(1) = 1^2 + 1 = 2$, $f(2) = 2^2 + 1 = 5$, $f(0) = 0^2 + 1 = 1$ इत्यादि।

फलन का प्रान्त, सहप्रान्त तथा परिसर (Domain, co-domain and range of function)

यदि एक फलन समुच्चय A से समुच्चय B में परिभाषित है तब फलन $f: A \to B$ के लिए, समुच्चय A के सभी अवयव फलन f का प्रान्त (domain) कहलाते हैं तथा समुच्चय B के सभी अवयव फलन f का सहप्रान्त (co-domain) कहलाते है। समुच्चय B के उन अवयवों का समुच्चय जो कि समुच्चय A के अवयवों के f प्रतिबिम्ब हैं, फलन f का परिसर (range) कहलाता है।

दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं प्रान्त (domain) = x के सभी सम्भावित मान जिनके लिए $f(x)$ का अस्तित्व है

परिसर (range)= x के सभी मानों के लिए, $f(x)$ के सभी सम्भावित मान





प्रान्त = {*a*, *b*, *c*, *d*} = *A*

सहप्रान्त = {*p*, *q*, *r*, *s*} = *B*

फलन का प्रान्त (domain) तथा परिसर (range) ज्ञात करने की विधियाँ

(i) **प्रान्त (domain) ज्ञात करने की विधि**

(a) वर्गमूल, घनमूल तथा करणीगत चिन्हों के अन्दर लिखें व्यंजक का मान ≥ 0 रखते हैं, हर में लिखें पद का मान शून्य नहीं होना चाहिए।

(b) यदि फलन $y = f(x)$ व $y = g(x)$ के प्रान्त (domain) क्रमशः D_1 व D_2 हो तो फलन $f(x) \pm g(x)$ या $f(x).g(x)$ का डोमेन $D_1 \cap D_2$ होगा। जबकि $\dfrac{f(x)}{g(x)}$ का प्रान्त (domain) $D_1 \cap D_2 - \{g(x) = 0\}$ होगा।

(c) फलन $(\sqrt{f(x)})$ का प्रान्त (domain) $= D_1 \cap \{x : f(x) \ge 0\}$

(ii) **परिसर (range) ज्ञात करने की विधि :** फलन $y = f(x)$ का परिसर, डोमेन x के सभी वास्तविक मानों के संगत $f(x)$ के सभी मानों का समुच्चय है।

(a) यदि डोमेन में अवयवों की संख्या निश्चित है, तो इन अवयवों के संगत $f(x)$ के मानों का समुच्चय परिसर (range) कहलाता है

(b) यदि डोमेन सभी वास्तविक संख्याओं का समुच्चय या कुछ निश्चित मानों के अतिरिक्त वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है, तब x को y के पदों में व्यक्त करते हैं। x के सभी परिभषित मानों के लिए, y के मानों का समुच्चय, फलन का परिसर (range) कहलाता है (अर्थात y के वह समस्त मान जिनके लिए x का अस्तित्व है)।

(c) यदि फलन का डोमेन, एक निश्चित अन्तराल है, तो इस अन्तराल में फलन के न्यूनतम व अधिकतम मान फलन का परिसर (range) होगें।

फलनों का बीजगणित (Algebra of functions)

(1) **फलन का अदिश गुणनफलः** $(c\ f)(x) = c\ f(x)$, जहां c एक अदिश है नये फलन $c\ f(x)$ का प्रान्त (domain) X_f है।

(2) **फलनों का योग/अन्तरः** $(f \pm g)(x) = f(x) \pm g(x)$ नये फलन का प्रान्त (domain) X होगा।

(3) **फलनों का गुणनफलः** $(fg)(x) = (g\ f)(x) = f(x) g(x)$ नये फलन का प्रान्त (domain) X होगा।

(4) **फलनों का भागफल** : (i) $\left(\frac{f}{g}\right)(x) = \frac{f(x)}{g(x)}$. दो फलनों के भागफल से प्राप्त फलन का प्रान्त (domain) $x \in X (= X_f \cap Xg)$, जबकि $\{x : g(x) \neq 0\}$ से परिभाषित किया जाता है।

(ii) $\left(\frac{g}{f}\right)(x) = \frac{g(x)}{f(x)}$ दो फलनों के भागफल से प्राप्त फलन का प्रान्त (domain) $x \in X (= X_g \cap X_f)$, जबकि $\{x : f(x) \neq 0\}$ से परिभाषित किया जाता है।

(5) **समान फलन** : दो फलन f व g समान कहलाते है, यदि और केवल यदि

(i) f का प्रान्त (domain) = g का प्रान्त (domain)

(ii) f का सहप्रान्त (codomain) = g का सहप्रान्त (co-domain)

(iii) $f(x) = g(x) \forall x \in$ उनका उभयनिष्ठ प्रान्त (domain)

(6) **वास्तविक फलन :** यदि R, वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है तथा A व B, R के दो उपसमुच्चय हैं तब फलन $f : A \to B$ एक वास्तविक या वास्तविक मानी फलन कहलाता है।

फलनों के प्रकार (Kinds of function)

(1) **एकैकी फलन** (Injective function) **:** एक फलन $f : A \to B$ एकैकी फलन कहलाता है, यदि समुच्चय A के भिन्न भिन्न अवयवों के समुच्चय B में भिन्न भिन्न प्रतिबिम्ब हो। अतः $f : A \to B$ एकैकी है।

$\Leftrightarrow a \neq b \Rightarrow f(a) \neq f(b)\ \forall\ a, b \in A$

$\Leftrightarrow f(a) = f(b) \Rightarrow a = b\ \forall\ a, b \in A$.

उदाहरणार्थ : माना $f : A \to B$ व $g : X \to Y$ दो फलन निम्न चित्रों द्वारा प्रदर्शित किये गये है





स्पष्टतः $f : A \to B$ एक एकैकी फलन है किन्तु $g : X \to Y$ एकैकी फलन नही है क्योंकि समुच्चय X के दो विभिन्न अवयव x_1 व x_3 समुच्चय Y के एक ही अवयव y_2 से सम्बन्धित है।

(i) **फलन के एकैकी होने का प्रतिबन्ध**

पद I : फलन f के प्रान्त (domain) में दो स्वेच्छ अवयव x व y लेते हैं।

पद II : $f(x) = f(y)$ रखते हैं।

पद III : $f(x) = f(y)$ को हल करते हैं। यदि $f(x) = f(y)$ केवल एक हल $x = y$ देता है, तो $f : A \to B$ एक एकैकी फलन है अन्यथा नहीं।

• यदि फलन क्रमित युग्मों के रूप में दिया है तथा यदि दो क्रमित युग्मों के द्वितीय अवयव समान नहीं है तो फलन एकैकी होगा।

• यदि फलन $y = f(x)$ का ग्राफ दिया है तथा x-अक्ष के समान्तर प्रत्येक रेखा दिये गये वक्र को अधिकतम एक बिन्दु पर काटती है तब फलन एकैकी होगा। ***उदाहरणार्थ*** :





(ii) **एकैकी फलनों की संख्या :** यदि A व B दो परिमित समुच्चय ऐसे हैं जिनमें क्रमशः m व n अवयव हैं, तब समुच्चय A से B में बनने वाले एकैकी फलनों की संख्या = $\begin{cases} {}^nP_m, & \text{यदि } n \geq m \\ 0, & \text{यदि } n < m \end{cases}$

(2) **बहुएकैकी फलन** (Many-one function) **:** एक फलन $f : A \to B$ बहुएकैकी कहलाता है, यदि समुच्चय A के दो या दो से अधिक अवयवों का समुच्चय B में एक ही प्रतिबिम्ब हो।

अतः, $f : A \to B$ बहुएकैकी फलन है यदि $x, y \in A$ इस प्रकार है कि $x \neq y$ परन्तु $f(x) = f(y)$.

दूसरे शब्दों में $f : A \to B$ एक बहुएकैकी फलन होगा यदि यह एकैकी फलन नहीं है।





• यदि फलन क्रमित युग्मों के समुच्चय के रूप में दिया है तथा कम से कम दो क्रमित युग्मों के दूसरे अवयव समान है तब फलन बहुएकैकी कहलाता है।

• यदि फलन $y = f(x)$ का ग्राफ दिया है तथा x-अक्ष के समान्तर रेखा वक्र को एक से अधिक बिन्दुओं पर काटती हो तो फलन बहुएकैकी होगा।





(3) **आच्छादक फलन** (Surjective function)**:** एक फलन $f: A \to B$ आच्छादक होगा यदि समुच्चय B के प्रत्येक अवयव का समुच्चय A में पूर्व प्रतिबिम्ब हो। अतः यदि $f^{-1}(y) \in A, \forall y \in B$ तब फलन आच्छादक होगा। दूसरे शब्दों में f का परिसर (range) = f का सह प्रान्त (co-domain) : निम्न चित्र आच्छादक फलन को प्रदर्शित करते है।.



आच्छादक फलनों की संख्या : यदि दो समुच्चयों A व B में क्रमशः m व n अवयव इस प्रकार है कि $1 \le n \le m$, तो समुच्चय A से समुच्चय B में बनने वाले आच्छादक फलनों की संख्या $\sum_{r=1}^{n} (-1)^{n-r} \, {}^nC_r r^m$ होगी।

(4) **अन्तःक्षेपी फलन** (Into function)**:** एक फलन $f: A \to B$ अन्तः क्षेपी होगा यदि समुच्चय B के कम से कम एक अवयव का समुच्चय A में कोई पूर्व प्रतिबिम्ब न हो।

दूसरे शब्दों में $f: A \to B$ एक अन्तःक्षेपी फलन होगा यदि यह आच्छादक फलन नही है। निम्न चित्र अन्तःक्षेपी फलन को प्रदर्शित करते हैं।



आच्छादक या अन्तःक्षेपी फलन ज्ञात करने की विधि :

(i) x को y का फलन लेकर $f(x) = y$ को हल करते हैं।

(ii) अब यदि $g(y)$ प्रत्येक $y \in$ सहप्रान्त तथा $g(y) \in$ प्रान्त $\forall$ $y \in$ सहप्रान्त के लिए परिभाषित है, तब फलन $f(x)$ आच्छादक होगा तथा यदि उपरोक्त में से किसी भी एक शर्त का पालन नहीं होता है तब $f(x)$ अन्तःक्षेपी होगा ।

(5) **एकैकी आच्छादक फलन** (Bijective function)**:** एक फलन $f: A \to B$ एकैकी आच्छादक होगा, यदि यह एकैकी तथा आच्छादक है।

दूसरे शब्दों में, एक फलन $f: A \to B$ एकैकी आच्छादक (bijection) होगा, यदि

(i) यह एकैकी है अर्थात् $f(x) = f(y) \Rightarrow x = y$ सभी $x, y \in A$.

(ii) यह आच्छादक है अर्थात् सभी $y \in B$ के लिए $x \in A$ इस प्रकार है कि $f(x) = y$. स्पष्टतः फलन f एकैकी आच्छादक है क्योंकि यह एकैकी व आच्छादक है।

एकैकी आच्छादक फलनों की संख्या : यदि A व B दो परिमित समुच्चय है तथा $f: A \to B$ एक एकैकी आच्छादक फलन है, तब सुमच्चय A व B में अवयवों की संख्या समान होगी। यदि समुच्चय A में n अवयव है, तो समुच्चय A से समुच्चय B में बनने वाले एकैकी आच्छादक फलनों की संख्या $n!$ होगी।



(6) **बीजीय फलन** (Algebraic function)**:** वे फलन, जो स्वतन्त्र चर की घातों, वर्गमूल तथा चार मूलभूत संक्रियाओं योगफल, अन्तर, गुणनफल व भागफल से मिलकर बनते हैं, बीजीय फलन कहलाते हैं उदाहरणार्थ

उदाहरणार्थ (i) $x^{\frac{3}{2}} + 5x$ (ii) $\frac{\sqrt{x+1}}{x-1}, x \ne 1$ (iii) $3x^4 - 5x + 7$

(7) **अबीजीय फलन** (Transcedental function)**:** वह फलन जो बीजीय नही है, अबीजीय फलन कहलाते हैं। त्रिकोणमितीय, प्रतिलोम त्रिकोणमितीय, चर घांताकी तथा लघुगणकीय फलन अबीजीय फलन हैं।

(i) **त्रिकोणमितीय फलन** : वह फलन जिनमें चर कोणों के वृत्तीय फलन (sine, cosine, tangent, cotangent, secant, cosecant) निहित होते हैं, त्रिकोणमितीय फलन कहलाते हैं।.

(a) **Sine** फलन :



(b) **Cosine फलन :**



(c) **Tangent** फलन :



प्रान्त $= R - \{(2n+1)\,\pi/2 \mid n \in I\}$, परिसर = R

(d) **Cosecant** फलन :



प्रान्त $= R - \{(n\pi | n \in I\}$, परिसर $= (-\infty, -1] \cup [1, \infty)$

(e) **Secant** फलन :



प्रान्त $= R - \{(2n+1)\pi/2 \mid n \in I\}$, परिसर $= (-\infty, -1] \cup [1, \infty)$

(f) **Cotangent** फलन :



प्रान्त $= R - \{n\pi | n \in I\}$, परिसर $= R$

(ii) प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन

सारणी : **21.1**

फलन (Function)	प्रान्त (Domain)	परिसर (Range)	फलन की परिभाषा (Definition of the function)
$\sin^{-1} x$	$[-1,1]$	$[-\pi/2, \pi/2]$	$y = \sin^{-1} x$ $\Leftrightarrow x = \sin y$
$\cos^{-1} x$	$[-1, 1]$	$[0, \pi]$	$y = \cos^{-1} x$ $\Leftrightarrow x = \cos y$
$\tan^{-1} x$	$(-\infty,\infty)$या R	$(-\pi/2, \pi/2)$	$y = \tan^{-1} x$ $\Leftrightarrow x = \tan y$
$\cot^{-1} x$	$(-\infty,\infty)$ या R	$(0, \pi)$	$y = \cot^{-1} x$ $\Leftrightarrow x = \cot y$
$\operatorname{cosec}^{-1} x$	$R - (-1, 1)$	$[-\pi/2, \pi/2] - \{0\}$	$y = \operatorname{cosec}^{-1} x$ $\Leftrightarrow x = \operatorname{cosec} y$
$\sec^{-1} x$	$R - (-1, 1)$	$[0, \pi] - [\pi/2]$	$y = \sec^{-1} x$ $\Leftrightarrow x = \sec y$

(iii) **चरघातांकी फलन :** माना $a (\neq 1)$ एक धनात्मक वास्तविक संख्या है, तब $f : R \to (0, \infty)$ जो $f(x) = a^x$ द्वारा परिभाषित है; चरघातांकी फलन कहलाता है। इसका प्रान्त R तथा परिसर $(0, \infty)$ है।



$f(x) = a^x$ का ग्राफ, $a > 1$



$f(x) = a^x$ का ग्राफ, $a < 1$

(iv) **लघुगणकीय फलन :** माना $a (\neq 1)$ एक धनात्मक वास्तविक संख्या है, तब $f : (0, \infty) \to R$ जो कि $f(x) = \log_a x$ द्वारा परिभाषित है, लघुगणकीय फलन कहलाता है।



$f(x) = \log_a x$, का ग्राफ, जब $a > 1$



$f(x) = \log_a x$, का ग्राफ, जब $a < 1$

(8) **स्पष्ट तथा अस्पष्ट फलन** (Explicit and Implicit function)**:** यदि किसी फलन को स्वतंत्र चर के पदों में सीधे ही व्यक्त कर सके, तो यह स्पष्ट फलन कहलाता है। अस्पष्ट फलन वह है, जिसमें फलन को स्वतंत्र चर या चरों के पदों में व्यक्त न किया जा सके।

उदाहरणार्थ : $y = \sin^{-1} x + \log x$ स्पष्ट फलन है, जबकि $x^2 + y^2 = xy$ तथा $x^3 y^2 = (a-x)^2 (b-y)^2$ अस्पष्ट फलन है।

(9) **अचर फलन** (Constant function) **:** माना k एक स्थिर वास्तविक संख्या है। एक ऐसे फलन पर विचार कीजिए जो कि प्रत्येक वास्तविक संख्या x को इस अचर संख्या α की सहचारी (associate) करता है। तब यह फलन $R \to R$ एक अचर फलन (constant function) कहलाता है। अचर फलन में x के प्रत्येक मान के लिए, y या $f(x)$ का मान सदैव स्थिर रहता है। कभी-कभी इस अचर फलन को $f(x) = k \; \forall x \in R$ या अधिक संक्षेप में



$f(x)=k$ या इससे भी अधिक संक्षेप में अचर फलन *k* से प्रदर्शित करते हैं। अचर फलन *k* का डोमेन स्पष्टतः *R* है तथा (रेंज) परिसर {*k*} है। अचर फलन का ग्राफ *X*-अक्ष के समान्तर सरल रेखा होती है जो कि *k* के धनात्मक या ऋणात्मक मान के अनुसार, *X* अक्ष के ऊपर या नीचे हो सकती है। यदि $k=0$ तब सरल रेखा *x* अक्ष के सम्पाती होती है।

(10) **तत्समक फलन** (Identity function)**:** वह फलन, जो $f(x)=x$; $x\in R$ द्वारा परिभाषित हो, तत्समक फलन कहलाता है। स्पष्टतः तत्समक फलन का प्रान्त तथा परिसर *R* होता है।

तत्समक फलन का ग्राफ मूलबिन्दु से गुजरने वाली सरल रेखा है, जो कि *x* अक्ष की धनात्मक दिशा से 45° का कोण बनाती है।



(11) **मापांक फलन** (Modulus function) **:** प्रत्येक वास्तविक संख्या *x* के लिए मापांक फलन |*x*|, *x* का निरपेक्ष मान प्रदर्शित करता है।



उदाहरणार्थ, $f(x)=|x|$, जहाँ $f(x)=|x|=\begin{cases} x, & \text{यदि } x\ge 0 \\ -x, & \text{यदि } x<0 \end{cases}$, |*x*| का डोमेन *R* है तथा रेंज R^+ है।

(12) **महत्तम पूर्णांक फलन** (The Greatest integer function) **:** यदि *x* वास्तविक संख्या है, तो ऐसे महत्तम पूर्णांक को जो *x* से बड़ा न हो, हम [*x*] से निरूपित करते हैं। महत्तम पूर्णांक का डोमेन *R* तथा रेंज **I** होता है। उदाहरणार्थ [1.1] = 1, [2.2] = 2, [– 0.9] = –1, [– 2.1] = –3 इत्यादि। फलन *f* जो $f(x)=[x]$ (जबकि $x\in R$) द्वारा परिभाषित है, महत्त्म पूर्णांक फलन कहलाता है।



(13) **सिगनम फलन** (Signum function) **:** $f(x)=\begin{cases} \dfrac{|x|}{x}, & \text{जब } x\ne 0 \\ 0, & \text{जब } x=0 \end{cases}$ द्वारा परिभाषित फलन *f*, जहाँ |*x*| एक मापांक (modulus) फलन है जिसका प्रान्त (डोमेन) वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है तथा रेंज (range) समुच्चय {–1, 0, 1} है, सिगनम फलन



कहलाता है। सांकेतिक रूप में इसे निम्न प्रकार लिख सकते हैं; $f(x)=\text{sgn}(x)$

जहाँ $\text{sgn}(x)=\begin{cases} 1, \text{ यदि } x>0 \\ 0, \text{ यदि } x=0 \\ -1, \text{ यदि } x<0 \end{cases}$

(14) **प्रतिलोम फलन** (Inverse function)**:** यदि *a* शून्येतर वास्तविक संख्या है तो $\dfrac{1}{a}$ को *a* का प्रतिलोम कहते हैं। शून्य का प्रतिलोम परिभाषित नहीं है। फलन जो प्रत्येक शून्येतर वास्तविक संख्या को इसके प्रतिलोम के सहचारी $\dfrac{1}{x}$ से प्रदर्शित किया जाता है। इसे $f(x)=\dfrac{1}{x}, x\ne 0$ से



परिभाषित करते हैं। उपर्युक्त तीनों उदाहरणों की भाँति इसका डोमेन *R* नहीं है। यहाँ डोमेन $R-\{0\}$ है।

(15) **घात फलन** (Power function) **:** एक फलन $f:R\to R$ जो कि $f(x)=x^{\alpha}$, $\alpha\in R$ द्वारा परिभाषित है, घात फलन कहलाता हैं।

सारणी : 21. 2 मानक फलनों के प्रान्त (Domain) तथा परिसर (Range)

फलन (Function)	प्रान्त (Domain)	परिसर(Range)
बहुपद फलन	*R*	*R*
तत्समक फलन *x*	*R*	*R*
अचर फलन *K*	*R*	{*K*}
प्रतिलोम फलन $\frac{1}{x}$	R_0	R_0
$x^2, \|x\|$	*R*	$R^+\cup\{0\}$
$x^3, x\|x\|$	*R*	*R*
सिग्नम फलन	*R*	{–1, 0, 1}
$x+\|x\|$	*R*	$R^+\cup\{0\}$
$x-\|x\|$	*R*	$R^-\cup\{0\}$
$[x]$	*R*	*I*
$x-[x]$	*R*	[0, 1)
$\sqrt{x}$	[0, ∞)	[0, ∞]
a^x	*R*	R^+
$\log x$	R^+	*R*
$\sin x$	*R*	[–1, 1]
$\cos x$	*R*	[–1, 1]
$\tan x$	$R-\left\{\pm\frac{\pi}{2}, \pm\frac{3\pi}{2}, \ldots\right\}$	*R*
$\cot x$	$R-\{0, \pm\pi, \pm 2\pi, \ldots\}$	*R*
$\sec x$	$R-\left\{\pm\frac{\pi}{2}, \pm\frac{3\pi}{2}, \ldots\right\}$	$R-(-1, 1)$

$\text{cosec}\, x$	$R-\{0, \pm\pi, \pm 2\pi, ...\}$	$R-(-1, 1)$
$\sin^{-1} x$	$[-1, 1]$	$\left[\frac{-\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]$
$\cos^{-1} x$	$[-1, 1]$	$[0, \pi]$
$\tan^{-1} x$	R	$\left(\frac{-\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right)$
$\cot^{-1} x$	R	$(0, \pi)$
$\sec^{-1} x$	$R-(-1,1)$	$[0, \pi]-\left\{\frac{\pi}{2}\right\}$
$\text{cosec}^{-1} x$	$R-(-1,1)$	$\left[-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]-\{0\}$

सम और विषम फलन (Even and Odd function)

(1) **सम फलन** : फलन $f(x)$ को x का समफलन कहते है। यदि x के सभी मानों के लिए $f(-x) = f(x)$

उदाहरणार्थ, $f(x) = e^x + e^{-x}$, $f(x) = x^2$, $f(x) = x \sin x$, $f(x) = \cos x$, $f(x) = x^2 \cos x$ सभी समफलन है।

(2) **विषम फलन** : फलन $f(x)$ को x का विषम फलन कहते हैं। यदि x के सभी मानों के लिए $f(-x) = -f(x)$

उदाहरणार्थ: $f(x) = e^x - e^{-x}$, $f(x) = \sin x$, $f(x) = x^3$, $f(x) = x \cos x$, $f(x) = x^2 \sin x$ सभी विषम फलन हैं।

सम तथा विषम फलनों के गुणधर्म

- समफलन का ग्राफ सदैव y-अक्ष के परितः सममित होता है।
- विषम फलन का ग्राफ सदैव मूल बिन्दु के परितः सममित होता है।
- दो सम फलनों का गुणनफल सदैव समफलन होता है।
- समफलनों का योग तथा अंतर सम फलन होता है।
- विषम फलनों का योग तथा अंतर विषम फलन होता है।
- दो विषम फलनों का गुणनफल सम फलन होता है।
- सम और विषम फलनों का गुणनफल विषम फलन होता है।
- यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक फलन या तो सम होगा अथवा विषम कुछ फलन ऐसे भी होते हैं जो न तो सम होते है और न ही विषम उदाहरणार्थ, $f(x) = x^2 + x^3$, $f(x) = \log_e x$, $f(x) = e^x$.
- सम तथा विषम फलन का योगफल न तो सम और न ही विषम फलन होता है।
- शून्य फलन $f(x) = 0$ केवल एक ही ऐसा फलन है जो सम तथा विषम दोनों फलन है।

आवर्ती फलन (Periodic function)

एक फलन $f(x)$ को आवर्ती फलन कहते हैं, यदि एक निश्चित अन्तराल के बाद इसके प्रत्येक मान की पुनरावृत्ति होती है। यदि एक ऐसी धनात्मक वास्तविक संख्या T विद्यमान हो कि, $f(x) = f(x+T) = f(x+2T) = f(x+3T) = ...$, $\forall x$. $T, 2T, 3T$,...... तब इन सभी आवर्तनांकों के न्यूनतम मान को फलन $f(x)$ का मूल आर्वतनांक या केवल आर्वतनांक कहते हैं।

संयुक्त फलन (Composite function)

यदि $f: A \to B$ तथा $g: B \to C$ दो फलन इस प्रकार हैं कि परास $f \subseteq$ प्रांत g, तो f और g के संयुक्त फलन को gof अथवा gf से निरूपित करते हैं तथा $gof(x) = g[f(x)], \forall x \in f$ का प्रांत

फलनों के संयोजन के गुणधर्म :

(i) f तथा g सम फलन है $\Rightarrow$ fog सम फलन है

(ii) f तथा g विषम फलन है $\Rightarrow$ fog विषम फलन है

(iii) f सम तथा g विषम फलन है $\Rightarrow$ fog सम फलन है

(iv) f विषम तथा g सम फलन है $\Rightarrow$ fog सम फलन है

(v) फलनों का संयोजन क्रम विनिमेय नियम का पालन नहीं करता है अर्थात्, $fog \neq gof$

(vi) फलनों का संयोजन साह्चर्य नियम का पालन करता है अर्थात् $(fog)oh = fo(goh)$

(vii) यदि $f: A \to B$ एकैकी आच्छादक तथा $g: B \to A$, f का व्युत्क्रम फलन है तब $fog = I_B$ तथा $gof = I_A$.

जहाँ I_A तथा I_B क्रमशः समुच्चय A तथा B के तत्समक फलन हैं।

(viii) यदि $f: A \to B$ तथा $g: B \to C$ दो एकैकी आच्छादक हैं तब $gof: A \to C$ एकैकी आच्छादक है तथा $(gof)^{-1} = (f^{-1}og^{-1})$

(ix) $fog \neq gof$ किंतु यदि, $fog = gof$ तब या तो $f^{-1} = g$ या $g^{-1} = f$, साथ ही $(fog)(x) = (gof)(x) = (x)$ ।

(x) $gof(x)$, से तात्पर्य फलन $f(x)$ के g-प्रतिबिंब से है, जहाँ $f(x)$, अवयव $x \in A$ का f-प्रतिबिंब है।

(xi) फलन gof का अस्तित्व तभी होगा जब f की परास, g के प्रांत का उपसमुच्चय होगी।

(xii) fog का अस्तित्व नहीं होगा यदि g की परास, f के प्रांत का उपसमुच्चय नहीं है।

(xiii) fog तथा gof को सदैव परिभाषित नहीं कर सकते।

(xiv) यदि f तथा g दोनों ही एकैकी हैं, तब fog तथा gof भी एकैकी होंगे।

(xv) यदि f तथा g दोनों आच्छादक हैं तब gof आच्छादक होगा।

प्रतिलोम फलन (Inverse function)

यदि $f: A \to B$, A से B पर एक एकैकी आच्छादक प्रतिचित्रण है, तब प्रत्येक $b \in B$ के लिये $f^{-1}(b) \in A$ अद्वितीय होगा। अतः $f^{-1}: B \to A$ एक फलन है जो निम्न प्रकार परिभाषित है: $f^{-1}(b) = a$ यदि और केवल यदि $f(a) = b$, तब f^{-1}, f का प्रतिलोम फलन कहलाता है। यदि f का प्रतिलोम फलन परिभाषित है, तब f प्रतिलोमीय फलन (Invertiable) कहलाता है।

$f^{-1}: B \to A,\ f^{-1}(b) = a \Rightarrow f(a) = b$

प्रतिलोम फलन के गुणधर्म :

(i) एकैकी आच्छादक (bijection) फलन का प्रतिलोम भी एकैकी आच्छादक फलन होता है।

(ii) एकैकी आच्छादक फलन का व्युत्क्रम अद्वितीय होता है।

(iii) $(f) = f$

(iv) यदि f तथा g दो एकैकी आच्छादक फलन इस प्रकार हैं कि (gof) का अस्तित्व है, तब $(gof) = fog$

(v) यदि $f: A \to B$ एकैकी आच्छादक फलन है तब $f: B \to A$, f का प्रतिलोम फलन है। $fof = I$ तथा $fof = I$, यहाँ I, समुच्चय A का तथा I, समुच्चय B का तत्समक फलन है।

सीमा

फलन की सीमा (Limit of a function)

माना $y = f(x)$, x का एक फलन है। यदि $x = a$ पर फलन $f(x)$ अनिर्धारित रूप ग्रहण करता है, तब हम फलन का मान ज्ञात करने के लिए 'a' का निकटतम मान लेते है। यदि यह मान एक निश्चित अद्वितीय संख्या की ओर अग्रसर हो, अर्थात् x, 'a' की ओर अग्रसर हो तो यह निश्चित संख्या $f(x)$ की $x = a$ पर सीमा कहलाती है तथा इसे हम $\lim_{x \to a} f(x)$ लिखते हैं।

(1) **वाम पक्ष तथा दक्षिण पक्ष सीमा :** a के बाँयी ओर a के निकटतम बिंदुओं पर चर फलन के मानों पर विचार करते हैं। यदि यह मान एक निश्चित अद्वितीय संख्या की ओर अग्रसर हो अर्थात् x, a की ओर अग्रसर हो, तब इस प्रकार प्राप्त अद्वितीय संख्या $f(x)$ की $x = a$ पर वाम पक्ष सीमा कहलाती है और संकेत रूप में इसे $f(a-0) = \lim_{x \to a^-} f(x) = \lim_{h \to 0} f(a-h)$ लिखते हैं।

इसी प्रकार $f(x)$ की $x = a$ पर दॉयी सीमा ज्ञात करते हैं, जिसे $f(a+0) = \lim_{x \to a^+} f(x) = \lim_{h \to 0} f(a+h)$ से व्यक्त करते हैं।

$$f(a+0) = \lim_{x \to a^+} f(x) = \lim_{h \to 0} f(a+h).$$

(2) **L.H.L. तथा R.H.L. को ज्ञात करने की विधि**

(i) फलन की दाँयी सीमा (R.H.L.) ज्ञात करने के लिए, x के स्थान पर $x + h$ लिखते हैं, जबकि बाँयी सीमा (L.H.L.) के लिए x के स्थान पर $x - h$ लिखते हैं।

(ii) इस प्रकार प्राप्त फलन में x को दिए हुए बिन्दु 'a' से प्रतिस्थापित करते हैं।

(iii) अब $h \to 0$ रखकर फलन की सीमा ज्ञात करते हैं।

s (4) **सीमा का अस्तित्व :** $\lim_{x \to a} f(x)$ का अस्तित्व होगा, जब

(i) $\lim_{x \to a^-} f(x)$ तथा $\lim_{x \to a^+} f(x)$ का अस्तित्व हो, अर्थात् L.H.L. तथा R.H.L. दोनों सीमाएँ विद्यमान हो।

(ii) $\lim_{x \to a^-} f(x) = \lim_{x \to a^+} f(x)$ अर्थात् L.H.L. = R.H.L.

सीमाओं के मूलभूत प्रमेय
(Fundamental theorems on limits)

किसी फलन की सीमा ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित मूलभूत प्रमेय प्रयुक्त की जाती हैं। यदि $\lim_{x \to a}(f(x) = 1$ तथा $\lim_{x \to 0} g(x) = m$ (l तथा m वास्तविक संख्यायें है), तब

(1) $\lim_{x \to a}(f(x) + g(x)) = l + m$ (योग नियम)

(2) $\lim_{x \to a}(f(x) - g(x)) = l - m$ (अंतर नियम)

(3) $\lim_{x \to a}(f(x).g(x)) = l.m$ (गुणन नियम)

(4) $\lim_{x \to a} k\ f(x) = k.l$ (अचर गुणन नियम)

(5) $\lim_{x \to a} \dfrac{f(x)}{g(x)} = \dfrac{l}{m}, m \neq 0$ (विभाजन नियम)

(6) यदि $\lim_{x \to a} f(x) = +\infty$ या $-\infty$, तब $\lim_{x \to a} \dfrac{1}{f(x)} = 0$

(7) $\lim_{x \to a} \log\{f(x)\} = \log\{\lim_{x \to a} f(x)\}$

(8) यदि $f(x) \leq g(x)\ \ \forall\ x$, तब $\lim_{x \to a} f(x) \leq \lim_{x \to a} g(x)$

(9) $\lim_{x \to a}[f(x)]^{g(x)} = \{\lim_{x \to a} f(x)\}^{\lim_{x \to a} g(x)}$

(10) यदि p तथा q पूर्णांक हैं, तब $\lim_{x \to a}(f(x))^{p/q} = l^{p/q}$, $(l)^{p/q}$ एक वास्तविक संख्या है।

(11) यदि $\lim_{x \to a} f(g(x)) = f(\lim_{x \to a} g(x)) = f(m)$, $g(x) = m$. पर सतत् है अर्थात् $\lim_{x \to a} \ln[f(x)] = \ln(l)$, यदि $l > 0$.

सीमा ज्ञात करने की विधियाँ (Methods of evaluation of limits)

किसी फलन की सीमा ज्ञात करने की निम्नलिखित विधियाँ हैं।

(1) **बीजगणितीय सीमा :** माना $f(x)$ एक बीजीय फलन तथा 'a' एक वास्तविक संख्या है। तब $\lim_{x \to a} f(x)$ को बीजीय सीमा कहते हैं।

(i) **प्रत्यक्ष प्रतिस्थापन विधि :** दिए गए व्यंजक में बिन्दु के सीधे प्रतिस्थापन द्वारा एक निश्चित संख्या प्राप्त होती है। इस प्राप्त संख्या को दिए गए व्यंजक की सीमा कहते हैं।

(ii) **गुणनखण्ड विधि :** इस विधि में अंश तथा हर के गुणनखण्ड करके समान पदों का विलोपन करने के बाद शेष पद ही परिणाम होगा।

(iii) **परिमेयीकरण विधि :** इस विधि का उपयोग तभी होता है जब व्यंजक के अंश या हर या दोनों में भिन्नात्मक घातें (Fractional powers) $\dfrac{1}{2}, \dfrac{1}{3}$ इत्यादि हो, तब परिमेयीकरण के पश्चात् पदों के गुणनखण्ड करके, परिणाम प्राप्त करते हैं।

(iv) **$x \to \infty$ के रूप पर आधारित :** इस प्रकार के व्यंजकों को सर्वप्रथम $\dfrac{1}{x}$ के फलन के रूप में व्यक्त करते हैं। इसके बाद अनिर्धारित रूपों $\left(\dfrac{0}{0}, \dfrac{\infty}{\infty} \text{ आदि}\right)$ को हटाने के पश्चात् $\dfrac{1}{x}$ को शून्य (0) से प्रतिस्थापित करते हैं।

(2) **त्रिकोणमितीय सीमा :** त्रिकोणमितीय सीमा ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित परिणाम महत्वपूर्ण है।

(i) $\lim_{x\to 0}\frac{\sin x}{x}=1=\lim_{x\to 0}\frac{x}{\sin x}$

(ii) $\lim_{x\to 0}\frac{\tan x}{x}=1=\lim_{x\to 0}\frac{x}{\tan x}$

(iii) $\lim_{x\to 0}\frac{\sin^{-1}x}{x}=1=\lim_{x\to 0}\frac{x}{\sin^{-1}x}$

(iv) $\lim_{x\to 0}\frac{\tan^{-1}x}{x}=1=\lim_{x\to 0}\frac{x}{\tan^{-1}x}$

(v) $\lim_{x\to 0}\frac{\sin x^0}{x}=\frac{\pi}{180}$ (vi) $\lim_{x\to 0}\cos x=1$

(vii) $\lim_{x\to a}\frac{\sin(x-a)}{x-a}=1$ (viii) $\lim_{x\to a}\frac{\tan(x-a)}{x-a}=1$

(ix) $\lim_{x\to a}\sin^{-1}x=\sin^{-1}a, |a|\le 1$

(x) $\lim_{x\to a}\cos^{-1}x=\cos^{-1}a; |a|\le 1$

(xi) $\lim_{x\to a}\tan^{-1}x=\tan^{-1}a; -\infty<a<\infty$

(xii) $\lim_{x\to\infty}\frac{\sin x}{x}=\lim_{x\to\infty}\frac{\cos x}{x}=0$

(xiii) $\lim_{x\to\infty}\frac{\sin(1/x)}{(1/x)}=1$

(3) **लघुगणकीय सीमा :** लघुगणकीय सीमा ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्रों का उपयोग करते हैं।

(i) $\log(1+x)=x-\frac{x^2}{2}+\frac{x^3}{3}-$.......... ..अनन्त पदों तक, जहाँ $-1<x\le 1$ तथा यह व्यंजक तभी सत्य है, यदि आधार (base) e हो।

(ii) $\lim_{x\to 0}\frac{\log(1+x)}{x}=1$ (iii) $\lim_{x\to e}\log_e x=1$

(iv) $\lim_{x\to 0}\frac{\log(1-x)}{x}=-1$ (v) $\lim_{x\to 0}\frac{\log_a(1+x)}{x}=\log_a e, a>0, \ne 1$

(4) **चरघातांकी सीमा :** (i) **श्रेणी के विस्तार पर आधारित :** हम जानते हैं कि $e^x=1+x+\frac{x^2}{2!}+\frac{x^3}{3!}+$.......... ...$\infty$

चरघातांकी सीमा ज्ञात करने के लिए निम्न परिणामों का उपयोग करते हैं।

(a) $\lim_{x\to 0}\frac{e^x-1}{x}=1$ (b) $\lim_{x\to 0}\frac{a^x-1}{x}=\log_e a$

(c) $\lim_{x\to 0}\frac{e^{\lambda x}-1}{x}=\lambda \ (\lambda\ne 0)$

(ii) **1^∞ के रूप पर आधारित %** चरघातांकी रूप 1^∞ ज्ञात करने के लिए निम्न परिणामों का उपयोग करते हैं।

(a) यदि $\lim_{x\to a}f(x)=\lim_{x\to a}g(x)=0$,

तब $\lim_{x\to a}\{1+f(x)\}^{1/g(x)}=e^{\lim_{x\to a}\frac{f(x)}{g(x)}}$,

अथवा जब $\lim_{x\to a}f(x)=1$ तथा $\lim_{x\to a}g(x)=\infty$ तब $\lim_{x\to a}\{f(x)\}^{g(x)}=$ $\lim_{x\to a}[1+f(x)-1]^{g(x)}=e^{\lim_{x\to a}(f(x)-1)g(x)}$ $e^{\lim_{x\to a}(f(x)-1)g(x)}$

(b) $\lim_{x\to 0}(1+x)^{1/x}=e$ (c) $\lim_{x\to\infty}\left(1+\frac{1}{x}\right)^x=e$

(d) $\lim_{x\to 0}(1+\lambda x)^{1/x}=e^\lambda$ (e) $\lim_{x\to\infty}\left(1+\frac{\lambda}{x}\right)^x=e^\lambda$

- $\lim_{x\to\infty}a^x=\begin{cases}\infty, \text{if } a>1\\ 0, \text{if } a<1\end{cases}$ अर्थात् $a^\infty=\infty$, यदि $a>1$ तथा $a^\infty=0$ यदि $a<1$.

(5) **L' हॉस्पीटल नियम :** यदि $f(x)$ तथा $g(x)$, x के दो फलन इस प्रकार है, कि

(i) $\lim_{x\to a}f(x)=\lim_{x\to a}g(x)=0$

(ii) $x=a$ पर दोनों फलन सतत् है।

(iii) $x=a$ पर दोनों फलन अवकलनीय है।

(iv) $f'(x)$ तथा $g'(x)$ बिन्दु $x=a$ पर सतत् है, तब $\lim_{x\to a}\frac{f(x)}{g(x)}=\lim_{x\to a}\frac{f'(x)}{g'(x)}$ इस प्रकार है कि $g'(a)\ne 0$

यदि $\lim_{x\to a}f(x)=\infty$ और $\lim_{x\to a}g(x)=\infty$ हो, तब भी उपरोक्त नियम लागू होता है।

यदि $\lim_{x\to a}\frac{f'(x)}{g'(x)}$ का रूप अनिर्धारित है, अर्थात् $\frac{0}{0}$ या $\frac{\infty}{\infty}$ है तथा $f'(x), g'(x)$ L' हॉस्पीटल नियम के सभी प्रतिबन्धों को सन्तुष्ट करता है, तब इस नियम के सभी पदों की $\frac{f'(x)}{g'(x)}$ पर पुनरावृत्ति कर सकते है, अर्थात् $\lim_{x\to a}\frac{f'(x)}{g'(x)}=\lim_{x\to a}\frac{f''(x)}{g''(x)}$. कभी-कभी इस प्रक्रिया को एक से अधिक बार तब तक दोहराते है, जब तक कि सीमा का मान प्राप्त न हो जाये।

सांतत्य

प्रस्तावना (Introduction)

सततता का अर्थ है 'बिना किसी व्यवधान और रिक्तता के'। यदि किसी फलन के आरेख (ग्राफ) में कोई व्यवधान तथा रिक्तता नहीं है, तब उसे सतत् फलन कहते हैं। फलन जो कि सतत् नहीं होता है उसे असतत् फलन कहते हैं। जब फलन के आरेख का अध्ययन करते हैं, तब हम देखते हैं कि फलन $\sin x$, x, $\cos x$, e^x आदि का आरेख (ग्राफ) सतत् होता है, जबकि महत्तम पूर्णांक फलन $[x]$ प्रत्येक पूर्णांक बिन्दु पर असतत् है। अतः यह फलन असतत् फलन कहलाता है। इसी प्रकार, $\tan x$, $\cot x$, $\sec x$, $\frac{1}{x}$ आदि भी असतत् फलन है।

सतत् फलन





असतत् फलन





किसी बिन्दु पर फलन की सततता

(Continuity of a function at a point)

किसी बिन्दु $x = a$ पर फलन $f(x)$ को उसके डोमेन में सतत् कहते हैं, यदि और केवल यदि $\lim_{x\to a} f(x) = f(a)$, अर्थात् फलन $f(x)$, $x = a$ पर सतत् है, तब वह निम्नलिखित तीन स्थितियों को संतुष्ट करता है :

(1) $f(a)$ का अस्तित्व हो ('a', फलन $f(x)$ के डोमेन में हो)

(2) $\lim_{x\to a} f(x)$ का अस्तित्व हो, अर्थात् $\lim_{x\to a^+} f(x) = \lim_{x\to a^-} f(x)$ अथवा R.H.L. = L.H.L.

(3) $\lim_{x\to a} f(x) = f(a)$ (फलन का मान, सीमा के बराबर हो)

सांतत्य की कौशी (Cauchy's) **परिभाषा :** कोई फलन f अपने प्रान्त D में किसी बिन्दु a पर सतत् कहलाता है, यदि और केवल यदि सभी $\varepsilon > 0$ के लिये एक $\delta > 0$ (ε पर निर्भर) का अस्तित्व इस प्रकार हो कि $|x - a| < \delta \Rightarrow |f(x) - f(a)| < \varepsilon$.

इस परिभाषा की सीमा की परिभाषा से तुलना करने पर फलन $f(x)$, $x = a$ पर सतत् होगा, यदि $\lim_{x\to a} f(x)$ का अस्तित्व हो एवं यह $f(a)$ के बराबर हो अर्थात् $\lim_{x\to a^-} f(x) = f(a) = \lim_{x\to a+} f(x)$.

वाम पक्ष तथा दक्षिण पक्ष की सततृता
(Continuity from left and right)

फलन $f(x)$

(1) बाँये पक्ष से सतत् होगा यदि बिन्दु $x = a$ पर $\lim_{x\to a-0} f(x) = f(a)$ है।

(2) दाँये पक्ष से सतत् होगा यदि बिन्दु $x = a$ पर $\lim_{x\to a+0} f(x) = f(a)$ है।

अतः फलन $f(x)$, बिन्दु $x = a$ पर सतत् होगा, यदि उसकी दाँये पक्ष से तथा बाँये पक्ष से सततृता एक समान हो।

सतत् फलनों के गुणधर्म : माना $f(x)$ तथा $g(x)$, $x = a$ पर दो सतत् फलन हैं, तब

(i) $cf(x)$, $x = a$ पर सतत् होगा, जहाँ c एक अचर है।

(ii) $f(x) \pm g(x)$, $x = a$ पर सतत् होगा।

(iii) $f(x).\ g(x)$, $x = a$ पर सतत् होगा।

(iv) $f(x)/g(x)$, $x = a$ पर सतत् होगा लेकिन $g(a) \neq 0$.

असतत् फलन (Discontinuous function)

कोई फलन 'f' अपने प्रान्त D के किसी बिन्दु $x = a$ पर असतत् कहलाता है यदि इस बिन्दु पर सतत् नहीं हैं तथा बिन्दु 'a' को असततृता का बिन्दु कहते हैं।

असततृता निम्न में से किसी भी एक स्थिति में हो सकती है :

(i) $\lim_{x\to a^+} f(x)$ या $\lim_{x\to a^-} f(x)$ या दोनों का अस्तित्व न हो।

(ii) $\lim_{x\to a^+} f(x)$ व $\lim_{x\to a^-} f(x)$ का अस्तित्व हो परन्तु आपस में बराबर न हों।

(iii) $\lim_{x\to a^+} f(x)$ व $\lim_{x\to a^-} f(x)$ दोनों का अस्तित्व हो परन्तु इनमें कोई एक या दोनों $f(a)$ के बराबर न हों।

अवकलनीयता

किसी बिन्दु पर फलन की अवकलनीयता
(Differentiability of a function at a point)

अतः $f(x)$ बिन्दु P पर अवकलनीय है, यदि और केवल यदि बिन्दु P पर अद्वितीय स्पर्श रेखा का अस्तित्व है, दूसरे शब्दों में $f(x)$ बिन्दु P पर अवकलनीय है, यदि और केवल यदि बिन्दु P वक्र के सिरे पर स्थित नहीं है अर्थात् "फलन उन बिन्दुओं पर अवकलनीय नहीं है, जिन पर फलन के ग्राफ में छिद्र तथा तीक्ष्ण सिरे प्राप्त हो अर्थात् फलन उस बिन्दु पर असतत् हो।"



फलन $f(x) = |x - 1|$ का ग्राफ खींचने पर हम देखते हैं, कि $f(x)$, $x = 1$ पर अवकलनीय नहीं है, क्योंकि $g(x)$, $x = 1$ पर तीक्ष्ण सिरा प्राप्त करता है।

(1) **दाँया अवकलज :** $x = a$ पर $f(x)$ के दाँये अवकलज को $x = a$ अथवा $f'(a+)$ से प्रदर्शित करते हैं तथा यह $\lim_{h\to 0}\frac{f(a+h) - f(a)}{h}$ होता है।

(2) **बाँया अवकलज :** $x = a$,पर $f(x)$ के बाँये अवकलज को $f'(a-0)$ अथवा $f'(a-)$ से प्रदर्शित करते हैं तथा यह $\lim_{h\to 0}\frac{f(a-h) - f(a)}{-h}$ होता है।

(3) फलन $f(x)$, बिन्दु $x = a$ पर निश्चित रूप से अवकलनीय है, यदि $f'(a+0) = f'(a-0)$ = परिमित है।

अर्थात् $\lim_{h\to 0}\frac{f(a+h) - f(a)}{h} = \lim_{h\to 0}\frac{f(a-h) - f(a)}{-h}$ = परिमित तथा उभयनिष्ठ सीमा को $x = a$ पर $f(x)$ का अवकलज कहते हैं, जिसे $f'(a)$ से प्रदर्शित करते हैं। स्पष्ट है कि $f'(a) = \lim_{x\to a}\frac{f(x) - f(a)}{x - a}$ {$x \to a$ जैसे बाँयी ओर से, वैसे ही दाँयी ओर से}

(4) **अवकलनीयता के कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष :**

(i) प्रत्येक बहुपद फलन, प्रत्येक $x \in R$ के लिए अवकलनीय होता है।

(ii) चरघातांकी फलन $a^x, a > 0$ प्रत्येक $x \in R$ के लिए अवकलनीय होता है।

(iii) प्रत्येक अचर, $x \in R$ के लिए अवकलनीय होता है।

(iv) लघुगणकीय फलन अपने डोमेन के प्रत्येक बिन्दु पर अवकलनीय होता है।

(v) त्रिकोणमितीय तथा प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन अपने डोमेन में अवकलनीय होते हैं।

(vi) दो अवकलनीय फलनों का योग, अन्तर, गुणा तथा भाग भी अवकलनीय होता है।

(vii) अवकलनीय फलनों का संयोजन भी अवकलनीय होता है।

Tips & Tricks

✍ यदि किसी फलन का प्रान्त (domain) एक चतुर्थांश में हो तो त्रिकोणमितीय फलन सदैव एकैकी होगा।

✍ यदि त्रिकोमितीय फलन किन्ही दो क्रमागत चतुर्थांशों में अपने चिन्ह् बदलता है तब यह एकैकी होगा लेकिन यदि यह अपने चिन्ह नहीं बदलता है तब यह बहुएकैकी होगा।

✍ तीन क्रमागत चतुर्थांशों में त्रिकोणमितीय फलन सदैव बहुएकैकी होते हैं।

✍ यदि कोई फलन अपने प्रांत में पूर्णतः वर्धमान अथवा ह्रासमान है तो फलन एकैकी होगा।

✍ कोई सतत फलन जिसका कम से कम एक उच्चिष्ठ अथवा निम्निष्ठ मान हो बहुएकैकी फलन होगा।

✍ कोई बहुपद फलन $f: R \to R$ आच्छादक होगा यदि f विषम घात का फलन होगा तथा अंतर्क्षेपी होगा यदि f समघात का फलन होगा।

✍ किसी अंतर्क्षेपी फलन के सहडोमेन को मूल फलन की रेंज की तरह पुनः परिभाषित कर आच्छादक फलन बना सकते है।

✍ यदि $f(x)$ का आवर्तनांक T है तो $1/f(x)$ का आवर्तनांक भी T होगा।

✍ यदि $f(x)$ का आवर्तनांक T है तो $\sqrt{f(x)}$ का आवर्तनांक भी T होगा।

✍ $x-[x]$ का आवर्तनांक 1 होता है। बीजगणितीय फलन $\sqrt{x}, x^2, x^3+5$ इत्यादि के आवर्तनांक का अस्तित्व नहीं है।

✍ यदि $\lim_{x\to a} f(x)$ का अस्तित्व नहीं है, तब हम उस असततता को दूर नहीं कर सकते, यह दूर न करने योग्य (non-removable) असततता अथवा आवश्यक असततता होती है।

✍ यदि फलन (f), बिन्दु $x = c$ पर सतत् है तथा दूसरा फलन (g), बिन्दु $x = c$ पर असतत् है, तब

(a) $f+g$ तथा $f-g$ असतत् है। (b) $f.g$ सतत् हो सकता है।

✍ यदि f तथा g, $x = c$ पर असतत् है, तब $f+g$, $f-g$ तथा fg भी सतत् हो सकते हैं।

✍ बिन्दु फलन (जिसके डोमेन तथा रेंज में केवल एक मान होता है) असतत् फलन होता है।

☞ यदि कोई फलन किसी बिन्दु पर अवकलनीय है तब वह उस बिन्दु पर सतत् भी होगा।

अर्थात् अवकलनीयता $\Rightarrow$ सततता, परन्तु इसका विलोम सत्य नहीं है।

✍ यदि एक फलन 'f', $x = a$ पर अवकलनीय नहीं है, किंतु सतत् है, तब वह $x = a$ पर ग्राफ में तीक्ष्ण सिरा प्राप्त करता है।

✍ यदि $x = a$ पर $f(x)$ तथा $g(x)$ दोनों ही अवकलनीय नहीं है, तब $x = a$ पर गुणनफल $f(x).g(x)$ अवकलनीय हो सकता है।

✍ यदि $x = a$ पर $f(x)$ अवकलनीय है तथा $g(x)$ अवकलनीय नहीं है, तब योग फलन $f(x)+g(x)$; $x = a$ पर अवकलनीय नहीं होगा।

✍ यदि $f(x)$ तथा $g(x)$ दोनों $x = a$ पर अवकलनीय नहीं है, तब योग फलन अवकलनीय फलन हो सकता है।

Ordinary Thinking
Objective Questions

फलन

1. यदि $f(x)=\cos(\log x)$, तब $f(x)f(y)-\frac{1}{2}[f(x/y)+f(xy)]=$

[IIT 1983; RPET 1995; MP PET 1995; Karnataka CET 1999; UPSEAT 2001]

(a) -1 (b) $\frac{1}{2}$

(c) -2 (d) इनमें से कोई नहीं

2. यदि $f(x)=\frac{1-x}{1+x}$, तब $f[f(\cos 2\theta)]=$

[MP PET 1994, 2001; Pb. CET 2002]

(a) $\tan 2\theta$ (b) $\sec 2\theta$

(c) $\cos 2\theta$ (d) $\cot 2\theta$

3. यदि $f(x)=\sin\log x$, तब $f(xy)+f\left(\frac{x}{y}\right)-2f(x).\cos\log y$ का मान है [Orissa JEE 2004]

(a) 1 (b) 0

(c) –1 (d) $\sin\log x.\cos\log y$

4. b व c के वे मान, जो कि सर्वसमिका $f(x+1)-f(x)=8x+3$ को संतुष्ट करते हैं, जहाँ $f(x)=bx^2+cx+d$, हैं [Roorkee 1992]

(a) $b=2, c=1$ (b) $b=4, c=-1$

(c) $b=-1, c=4$ (d) $b=-1, c=1$

5. दिया गया फलन है $f(x)=\frac{a^x+a^{-x}}{2}$, $(a>2)$ तब $f(x+y)+f(x-y)=$

(a) $2f(x).f(y)$ (b) $f(x).f(y)$

(c) $\frac{f(x)}{f(y)}$ (d) इनमें से कोई नहीं

6. यदि $f(x)=\frac{x}{x-1}$, तब $\frac{f(a)}{f(a+1)}=$ [MP PET 1996]

(a) $f(-a)$ (b) $f\left(\frac{1}{a}\right)$

(c) $f(a^2)$ (d) $f\left(\frac{-a}{a-1}\right)$

7. यदि $f(x)=\cos(\log x)$, तब $f(x^2)f(y^2)-\frac{1}{2}\left[f\left(\frac{x^2}{2}\right)+f\left(\frac{x^2}{y^2}\right)\right]$ का मान है [MNR 1992]

(a) –2 (b) –1

(c) 1/2 (d) इनमें से कोई नहीं

8. $\log x^2$ का तुल्य फलन है [MP PET 1997]

(a) $2\log x$ (b) $2\log|x|$

(c) $|\log x^2|$ (d) $(\log x)^2$

9. यदि $f(x) = \log\left[\frac{1+x}{1-x}\right]$, तब $f\left[\frac{2x}{1+x^2}\right]$ बराबर है

[MP PET 1999; RPET 1999; UPSEAT 2003]

(a) $[f(x)]^2$ (b) $[f(x)]^3$

(c) $2f(x)$ (d) $3f(x)$

10. यदि $\phi(x) = a^x$, तब $\{\phi(p)\}^3$ बराबर है **[MP PET 1999]**

(a) $\phi(3p)$ (b) $3\phi(p)$

(c) $6\phi(p)$ (d) $2\phi(p)$

11. यदि $f(x) = \frac{x-3}{x+1}$, तब $f[f\{f(x)\}]$ का मान होगा **[RPET 1996]**

(a) x (b) $-x$

(c) $\frac{x}{2}$ (d) $-\frac{1}{x}$

12. यदि $f(x) = \cos(\log x)$, तब $f(x).f(4) - \frac{1}{2}\left[f\left(\frac{x}{4}\right) + f(4x)\right]$ का मान होगा **[Kurukshetra CEE 1998]**

(a) 1 (b) –1

(c) 0 (d) ± 1

13. यदि $f(x) = \frac{x - |x|}{|x|}$, तब $f(-1) =$ **[SCRA 1996]**

(a) 1 (b) –2

(c) 0 (d) +2

14. यदि $f(x) = 4x^3 + 3x^2 + 3x + 4$, तब $x^3 f\left(\frac{1}{x}\right)$ है

[SCRA 1996]

(a) $f(-x)$ (b) $\frac{1}{f(x)}$

(c) $\left(f\left(\frac{1}{x}\right)\right)^2$ (d) $f(x)$

15. यदि फलन $f: R \to R$, $f(x) = 2x + |x|$ हो, तो $f(2x) + f(-x) - f(x) =$ **[EAMCET 2000]**

(a) $2x$ (b) $2|x|$

(c) $-2x$ (d) $-2|x|$

16. यदि $f(x + ay, x - ay) = axy$, तब $f(x, y) =$

[AMU 2001]

(a) xy (b) $x^2 - a^2y^2$

(c) $\frac{x^2 - y^2}{4}$ (d) $\frac{x^2 - y^2}{a^2}$

17. यदि $f(x) = \cos[\pi^2]x + \cos[-\pi^2]x$, तब **[Orissa JEE 2002]**

(a) $f\left(\frac{\pi}{4}\right) = 2$ (b) $f(-\pi) = 2$

(c) $f(\pi) = 1$ (d) $f\left(\frac{\pi}{2}\right) = -1$

18. यदि $f(x) = \frac{1}{\sqrt{x + 2\sqrt{2x-4}}} + \frac{1}{\sqrt{x - 2\sqrt{2x-4}}}$, $x > 2$ के लिए, तब $f(11) =$ **[EAMCET 2003]**

(a) 7/6 (b) 5/6

(c) 6/7 (d) 5/7

19. यदि $e^{f(x)} = \frac{10+x}{10-x}$, $x \in (-10, 10)$ तथा $f(x) = kf\left(\frac{200x}{100+x^2}\right)$, तब $k =$

(a) 0.5 (b) 0.6

(c) 0.7 (d) 0.8

20. यदि $f(x) = 2\sin x$, $g(x) = \cos^2 x$, तो $(f+g)\left(\frac{\pi}{3}\right) =$

(a) 1 (b) $\frac{2\sqrt{3}+1}{4}$

(c) $\sqrt{3} + \frac{1}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

21. फलन $y = f(x)$ का ग्राफ रेखा $x = 2$ के परितः सममित है, तब

(a) $f(x) = -f(-x)$ (b) $f(2+x) = f(2-x)$

(c) $f(x) = f(-x)$ (d) $f(x+2) = f(x-2)$

22. यदि $f(x) = \frac{x}{x-1} = \frac{1}{y}$, तो $f(y) =$ **[MP PET 1995, 97]**

(a) x (b) $x+1$

(c) $x-1$ (d) $1-x$

23. यदि $y = f(x) = \frac{ax+b}{cx-a}$, तब $x =$ **[AMU 2001]**

(a) $1/f(x)$ (b) $1/f(y)$

(c) $yf(x)$ (d) $f(y)$

24. यदि $f(x) = \frac{x^2-1}{x^2+1}$ प्रत्येक वास्तविक संख्याओं के लिए, तब f का न्यूनतम मान **[Pb. CET 2001]**

(a) अस्तित्व नहीं है क्योंकि f परिबद्ध है

(b) प्राप्त नहीं होता है यद्यपि f परिबद्ध है

(c) +1 है

(d) –1 है

25. $f(x, y) = \frac{1}{x+y}$ एक समघात फलन है, जिसकी घात है

[Orissa JEE 2004]

(a) 1 (b) –1

(c) 2 (d) –2

26. माना x एक अशून्य परिमेय संख्या और y एक अपरिमेय संख्या है। तब xy है **[Orissa JEE 2004]**

(a) परिमेय (b) अपरिमेय

(c) अशून्य (d) इनमें से कोई नहीं

27. $x = -3$ के लिए व्यजंक $\left|\frac{3x^3+1}{2x^2+2}\right|$ का आंकिक मान है

[Orissa JEE 2004; UPSEAT 2004]

(a) 4 (b) 2

(c) 3 (d) 0

28. फलन $f : R \to R, f(x) = x^2, \forall x \in R$ के लिए है **[MP PET 1997]**

(a) एकैकी लेकिन आच्छादक नहीं

(b) आच्छादक लेकिन एकैकी नहीं

(c) एकैकी तथा आच्छादक

(d) न तो एकैकी न ही आच्छादक

29. दो फलन *g* और *f* इस प्रकार हैं कि *gof* एकैकी तथा आच्छादक दोनों हैं तो निम्न कथन सत्य है **[Kurukshetra CEE 1998]**

(a) *g* और *f* क्रमशः एकैकी तथा आच्छादक होंगे

(b) *g* एकैकी तथा आच्छादक होगा

(c) *f* एकैकी तथा आच्छादक होगा

(d) इनमें से कोई भी एकैकी तथा आच्छादक नहीं होगा

30. फलन जो [–1, 1] से [0, 2] पर प्रतिचित्रित करता है, होगा **[Kurukshetra CEE 1998]**

(a) एक रेखीय फलन (b) दो रेखीय फलन

(c) वृत्तीय फलन (d) इनमें से कोई नहीं

31. माना $f(x) = \begin{cases} \frac{1}{2}, \text{ यदि } 0 \le x \le \frac{1}{2} \\ \frac{1}{3}, \text{ यदि } \frac{1}{2} < x \le 1 \end{cases}$, तब *f* है **[SCRA 1996]**

(a) परिमेय फलन (b) त्रिकोणमितीय फलन

(c) स्टेप फलन (d) चरघातांकी फलन

32. फलन $f : R \to R, f(x) = x^2 + x$ है **[RPET 1999]**

(a) एकैकी आच्छादक (b) एकैकी अन्तर्क्षेपी

(c) बहुएकैकी आच्छादक (d) बहुएकैकी अन्तर्क्षेपी

33. प्रतिचित्रण $f : R \to R$ इस प्रकार परिभाषित है कि $f(x) = \cos x, x \in R$, तब प्रतिचित्रण होगा **[UPSEAT 1999]**

(a) न तो अन्तर्क्षेपी (Into) और न आच्छादक (Onto)

(b) एकैकी (One-one mapping)

(c) आच्छादक (Onto mapping)

(d) एकैकी आच्छादक (One-one onto)

34. फलन $f(x) = (x-1)(x-2)(x-3)$, जो $f : R \to R$ में परिभाषित है, है **[Roorkee 1999]**

(a) एकैकी लेकिन आच्छादक नहीं

(b) आच्छादक लेकिन एकैकी नहीं

(c) एकैकी तथा आच्छादक

(d) न एकैकी न आच्छादक

35. यदि $f : R \to R$, तब $f(x) = |x|$ है **[RPET 2000]**

(a) एकैकी लेकिन आच्छादक नहीं

(b) आच्छादक लेकिन एकैकी नहीं

(c) एकैकी एवं आच्छादक दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

36. निम्नलिखित में से कौनसा कथन अन्य कथनों से भिन्न है **[UPSEAT 2000]**

(a) $f : A \to B$

(b) $f : x \to f(x)$

(c) *A* से *B* में *f* एक प्रतिचित्रण है

(d) *A* से *B* में *f* एक फलन है

37. यदि फलन $f : N \to N$, $f(x) = x^2 + x + 1$, $x \in N$ के लिए परिभाषित हो, तो *f* होगा **[AMU 2000]**

(a) एकैकी आच्छादक

(b) बहुएकैकी आच्छादक

(c) एकैकी लेकिन आच्छादक नहीं

(d) इनमें से कोई नहीं

38. माना *X* तथा *Y* वास्तविक संख्याओं के समुच्चय *R* के दो उपसमुच्चय हैं। एक फलन $f : X \to Y$, $f(x) = x^2$, $x \in X$ के लिए एकैकी लेकिन आच्छादक नहीं होगा, यदि (यहाँ R^+ सभी धनात्मक वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है) **[EAMCET 2000]**

(a) $X = Y = R^+$ (b) $X = R, Y = R^+$

(c) $X = R^+, Y = R$ (d) $X = Y = R$

39. समुच्चय *A* में 3 तथा *B* में 4 अवयव हैं, तब *A* से *B* में बनने वाले एकैकी प्रतिचित्रणों की संख्या होगी **[UPSEAT 2001]**

(a) 144 (b) 12

(c) 24 (d) 64

40. माना फलन $f : R \to R$ इस प्रकार परिभाषित है कि $f(x) = \frac{x-m}{x-n}$, जबकि $m \ne n$, तब **[UPSEAT 2001]**

(a) *f* एकैकी आच्छादक फलन (One-one onto) है

(b) *f* एकैकी अन्तर्क्षेपी फलन (One-one into) है

(c) *f* बहुएकैकी आच्छादक फलन (Many one onto) है

(d) *f* बहुएकैकी अन्तर्क्षेपी फलन (Many one into) है

41. फलन $f : R \to R$, $f(x) = e^x$ है

[Karnataka CET 2002; UPSEAT 2002]

(a) आच्छादक फलन (b) बहुएकैकी फलन

(c) एकैकी तथा अन्तर्क्षेपी (d) बहुएकैकी तथा आच्छादक

42. निम्न में से कौनसा फलन वास्तविक संख्याओं के समुच्चय में एकैकी आच्छादक है **[Kerala (Engg.) 2002]**

(a) $2x - 5$ (b) $|x|$

(c) x^2 (d) $x^2 + 1$

43. माना $f(x) = \frac{x^2 - 4}{x^2 + 4}$, $|x| > 2$, तब फलन $f : (-\infty, -2] \cup [2, \infty) \to (-1, 1)$ है **[Orissa JEE 2002]**

(a) एकैकी अन्तर्क्षेपी (b) एकैकी आच्छादक

(c) बहुएकैकी अन्तर्क्षेपी (d) बहुएकैकी आच्छादक

44. फलन $f: R \to R$, $f(x) = 2x + \sin x$, $x \in R$ द्वारा परिभाषित है, तब *f* है **[IIT Screening 2002]**

(a) एकैकी और आच्छादक

(b) एकैकी, लेकिन आच्छादक नहीं

(c) आच्छादक, लेकिन एकैकी नहीं

(d) न एकैकी और न ही आच्छादक

45. एक फलन *f* प्राकृत संख्याओं के समुच्चय से पूर्णांकों में इस प्रकार परिभाषित है कि $f(n) = \begin{cases} \frac{n-1}{2}, \text{ जबकि } n \text{ विषम है} \\ -\frac{n}{2}, \text{ जबकि } n \text{ सम है} \end{cases}$, है **[AIEEE 2003]**

(a) एकैकी किन्तु आच्छादक नहीं

(b) आच्छादक किन्तु एकैकी नहीं

(c) एकैकी व आच्छादक दोनों

(d) न एकैकी और न ही आच्छादक

46. यदि $f: [0, \infty) \to [0, \infty)$ तथा $f(x) = \frac{x}{1+x}$, तब *f* है **[IIT Screening 2003]**

(a) एकैकी तथा आच्छादक

(b) एकैकी किन्तु आच्छादक नहीं

(c) आच्छादक किन्तु एकैकी नहीं

(d) न तो एकैकी और न ही आच्छादक

47. यदि $f: R \to S$ द्वारा $f(x) = \sin x - \sqrt{3}\cos x + 1$ आच्छादक है, तब *S* का अन्तराल है **[AIEEE 2004; IIT Screening 2004]**

(a) [–1, 3] (b) [1, 1]

(c) [0, 1] (d) [0, –1]

48. यदि *R* वास्तविक संख्याओं के समुच्चय को प्रदर्शित करता है, तब फलन $f: R \to R$ इस प्रकार परिभाषित है, कि $f(x) = [x]$, है **[Karnataka CET 2004]**

(a) केवल एकैकी

(b) केवल आच्छादक

(c) एकैकी व आच्छादक दोनों

(d) न ही एकैकी और न ही आच्छादक

49. $f(x) = x + \sqrt{x^2}$, $R \to R$ में फलन है, तब $f(x)$ है **[Orissa JEE 2004]**

(a) एकैकी (b) आच्छादक

(c) एकैकी आच्छादक (d) इनमें से कोई नहीं

50. यदि $(x, y) \in R$ और $x, y \neq 0$; $f(x, y) \to \frac{x}{y}$, तब यह फलन है **[Orissa JEE 2004]**

(a) आच्छादक (b) एकैकी आच्छादक

(c) एकैकी (d) इनमें से कोई नहीं

51. यदि $f(x) = x - [x]$ आवर्ती फलन हो, तो इसका आवर्तनांक होगा **[AMU 2000]**

(a) $f(x)$ आवर्ती नहीं है (b) $\frac{1}{2}$

(c) 1 (d) 2

52. यदि $f(x)$ जिसका आवर्तनांक *T* है एक आवर्ती फलन हो, तो फलन $f(ax+b)$, जबकि $a > 0$, का आवर्तनांक होगा **[AMU 2000]**

(a) T/b (b) *aT*

(c) *bT* (d) T/a

53. यदि $f(x) = ax + b$ तथा $g(x) = cx + d$, तब $f(g(x)) = g(f(x))$ समतुल्य है **[UPSEAT 2001]**

(a) $f(a) = g(c)$ (b) $f(b) = g(b)$

(c) $f(d) = g(b)$ (d) $f(c) = g(a)$

54. $f(x) = \frac{|x-3|}{x-3}$ का प्रान्त व परिसर क्रमशः हैं

(a) $R, [-1, 1]$ (b) $R - \{3\}, \{1, -1\}$

(c) R^+, R (d) इनमें से कोई नहीं

55. यदि महत्तम पूर्णांक फलन में, प्रान्त वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है ता परिसर समुच्चय होगा

(a) वास्तविक संख्याओं का (b) परिमेय संख्याओं का

(c) काल्पनिक संख्याओं का (d) पूर्णांकों का

56. फलन $f(x) = \sin^{-1} 5x$ का डोमेन (प्रान्त) है

(a) $\left(-\frac{1}{5}, \frac{1}{5}\right)$ (b) $\left[-\frac{1}{5}, \frac{1}{5}\right]$

(c) *R* (d) $\left(0, \frac{1}{5}\right)$

57. फलन $f(x) = \frac{\sin^{-1}(3-x)}{\ln(|x|-2)}$ का डोमेन (प्रान्त) है **[Orissa JEE 2002]**

(a) [2, 4] (b) $(2, 3) \cup (3, 4]$

(c) $[2, \infty)$ (d) $(-\infty, -3) \cup [2, \infty)$

58. $\sin^{-1}\left[\log_3\left(\frac{x}{3}\right)\right]$ का डोमेन (प्रान्त) है **[AIEEE 2002]**

(a) [1, 9] (b) [–1, 9]

(c) [–9, 1] (d) [–9, –1]

59. फलन $\log|x^2 - 9|$ का डोमेन (प्रान्त) है

(a) *R* (b) $R - [-3, 3]$

(c) $R - \{-3, 3\}$ (d) इनमें से कोई नहीं

60. फलन $f(x) = \log|\log x|$ का डोमेन (प्रान्त) है **[DCE 2002]**

(a) $(0, \infty)$ (b) $(1, \infty)$

(c) $(0, 1) \cup (1, \infty)$ (d) $(-\infty, 1)$

61. फलन $f(x) = \sin^{-1}[\log_2(x/2)]$ का डोमेन (प्रान्त) है

[RPET 2002]

(a) [1, 4] (b) [–4, 1]

(c) [–1, 4] (d) इनमें से कोई नहीं

62. फलन $f(x)=\frac{\log_2(x+3)}{x^2+3x+2}$ का डोमेन (प्रान्त) है

[IIT Screening 2001; UPSEAT 2001]

(a) $R-\{-1,-2\}$ (b) $(-2,+\infty)$

(c) $R-\{-1,-2,-3\}$ (d) $(-3,+\infty)-\{-1,-2\}$

63. फलन $f(x)=\frac{\sec^{-1}x}{\sqrt{x-[x]}}$, जहाँ [.] महत्तम पूर्णांक फलन है, परिभाषित है

(a) R के लिए

(b) $R-\{(-1,1)\cup n \mid n\in Z\}$

(c) $R^+-(0,1)$ के लिए

(d) $R^+-\{n \mid n\in N\}$ के लिए

64. यदि फलन $f(x)=x^2-6x+7$ का प्रान्त $(-\infty,\infty)$ है, तो फलन का परिसर है [MP PET 1996]

(a) $(-\infty,\infty)$ (b) $[-2,\infty)$

(c) $(-2,3)$ (d) $(-\infty,-2)$

65. फलन $f(x)=\sqrt{\log\frac{1}{|\sin x|}}$ का डोमेन (प्रान्त) है [RPET 2001]

(a) $R-\{2n\pi, n\in I\}$ (b) $R-\{n\pi, n\in I\}$

(c) $R-\{-\pi,\pi\}$ (d) $(-\infty,\infty)$

66. फलन $f(x)=\log(\sqrt{x-4}+\sqrt{6-x})$ का डोमेन (प्रान्त) है

[RPET 2001]

(a) $[4,\infty)$ (b) $(-\infty,6]$

(c) $[4,6]$ (d) इनमें से कोई नहीं

67. फलन $f(x)=\left[\log_{10}\left(\frac{5x-x^2}{4}\right)\right]^{1/2}$ का डोमेन (प्रान्त) होगा

[UPSEAT 2001]

(a) $-\infty<x<\infty$ (b) $1\le x\le 4$

(c) $4\le x\le 16$ (d) $-1\le x\le 1$

68. फलन $f(x)=\begin{cases}\tan^{-1}x & ,|x|\le 1\\ \frac{1}{2}(|x|-1) & ,|x|>1\end{cases}$ के अवकलज का डोमेन (प्रान्त) है [IIT Screening 2002]

(a) $R-\{0\}$ (b) $R-\{1\}$

(c) $R-\{-1\}$ (d) $R-\{-1,1\}$

69. फलन $f(x)=\log_{3+x}(x^2-1)$ का डोमेन (प्रान्त) है

[Orissa JEE 2003]

(a) $(-3,-1)\cup(1,\infty)$

(b) $[-3,-1)\cup[1,\infty)$

(c) $(-3,-2)\cup(-2,-1)\cup(1,\infty)$

(d) $[-3,-2)\cup(-2,-1)\cup[1,\infty)$

70. यदि 'n' एक पूर्णांक है, तो फलन $\sqrt{\sin 2x}$ का डोमेन (प्रान्त) है

[MP PET 2003]

(a) $\left[n\pi-\frac{\pi}{2}, n\pi\right]$ (b) $\left[n\pi, n\pi+\frac{\pi}{2}\right]$

(c) $[(2n-1)\pi, 2n\pi]$ (d) $[2n\pi, (2n+1)\pi]$

71. फलन $f(x)=\frac{3}{4-x^2}+\log_{10}(x^3-x)$ का डोमेन (प्रान्त) है

[AIEEE 2003]

(a) (1, 2) (b) $(-1,0)\cup(1,2)$

(c) $(1,2)\cup(2,\infty)$ (d) $(-1,0)\cup(1,2)\cup(2,\infty)$

72. फलन $f(x)=\sqrt{2-2x-x^2}$ का डोमेन (प्रान्त) है

[BIT Ranchi 1992]

(a) $-\sqrt{3}\le x\le\sqrt{3}$ (b) $-1-\sqrt{3}\le x\le -1+\sqrt{3}$

(c) $-2\le x\le 2$ (d) $-2+\sqrt{3}\le x\le -2-\sqrt{3}$

73. फलन $f(x)=\frac{x-3}{(x-1)\sqrt{x^2-4}}$ का प्रान्त है [BIT Ranchi 1991]

(a) (1, 2) (b) $(-\infty,-2)\cup(2,\infty)$

(c) $(-\infty,-2)\cup(1,\infty)$ (d) $(-\infty,\infty)-\{1,\pm 2\}$

74. फलन $\sqrt{\log\{(5x-x^2)/6\}}$ का प्रान्त है

(a) (2, 3) (b) [2, 3]

(c) [1, 2] (d) [1, 3]

